Series : HE5GF

SET ~ 3

प्रश्न-पत्र कोड 4/5/3

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

~

# हिन्दी (ब)

# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *प्रश्न-पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **चार** खंड हैं – **'क', 'ख', 'ग'** और **'घ'** ।*

*(iii)* ***खंड-'क'** में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।*

*(iv)* ***खंड-'ख'** में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v)* ***खंड-'ग'** पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।*

*(vi)* ***खंड-'घ'** रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(vii)* *यथासंभव **सभी** खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – 'क'

## (अपठित बोध)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

धरती के भीतर होने वाले कंपन कई बार नदियों का मार्ग बदल चुके हैं । ऐसे में नदी कभी-कभी अपने मूल स्थान से मीलों दूर चली जाती है । इससे तटवर्ती नगरों-महानगरों के निर्माण तो ध्वस्त होते ही हैं, एक बड़े परिक्षेत्र की कृषि योग्य भूमि भी जलमग्न हो जाती है । अपने सबसे घातक और विनाशकारी रूप में आने वाला भूकंप सड़कों, राजमार्गों को तोड़ते हुए पूरे परिदृश्य को मौलिक रूप से बदलने के साथ ही, नई-नई झीलें भी बना सकता है । विश्व में अनेक ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील इलाकों में घनी आबादी बसती है और नदियाँ भी बहती हैं । वहाँ गंभीर संकट मुँह बाए खड़ा है । यह जोखिम भरी स्थिति है ।

जब धरती की सतह के भीतर टेक्टोनिक प्लेटें एक-दूसरे के विरुद्ध घिसती हैं या खिसकती हैं, तो वे कंपन पैदा करती हैं और धरती पर भूकंप आता है, और जब इसका केन्द्र नदी के क़रीब



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

होता है तो अनेक बार नदी अपना रास्ता बदल देती है, भारी तबाही लाती है । चीन, भारत और जापान में आया भूकंप इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है जो जान-माल की हानि का कारण बना ।

नदी के बदलावों के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में विकास को सीमित कर, बाढ़ के मैदानों को खुली जगह या कृषि भूमि में वर्गीकृत कर विज्ञान और सतर्कता से इनका सामना किया जा सकता है ।

(I) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए । 1

- **कथन :** भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में घनी आबादी का बसना जोखिमपूर्ण है ।
- **कारण :** प्राकृतिक आपदा के समय जान-माल की रक्षा करना चुनौतीपूर्ण कार्य है ।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है ।

(B) कथन गलत है, किन्तु कारण सही है ।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है ।

(D) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं ।

(II) धरती की सतह पर भूकंप आने का कारण है – 1

(A) नदियों द्वारा अपना रास्ता बदलना ।

(B) धरती के भीतर प्लेटों का प्रतिकूल दिशा में खिसकना ।

(C) मनुष्य द्वारा प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया जाना ।

(D) मनुष्य द्वारा प्रकृति को क्षति पहुँचाकर विकास कार्यों में तेजी लाना ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(III) गद्यांश के मूल भावों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं ? **1**

(i) भूकंप के कारण नदियाँ अपना रुख बदल लेती हैं ।

(ii) विकास की गति को प्रतिबंधित कर भूकंप से बचा जा सकता है ।

(iii) विनाशकारी भूकंप धरती पर जल के नए स्रोतों को जन्म दे सकता है ।

(iv) मानवीय गतिविधियाँ नदियों को अपने मूल स्थानों से दूर ले जाने का कारण हैं ।

**विकल्प :**

(A) (i) और (iv) सही हैं । (B) (ii) और (iv) सही हैं ।

(C) (ii) और (iii) सही हैं । (D) (i) और (iii) सही हैं ।

(IV) भूकंप के कारण नदी का मार्ग कैसे बदल जाता है ? **2**

(V) धरती के भीतर उठने वाले 'कंपन' को क्या कहते हैं और उसके क्या परिणाम होते हैं ? **2**

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

माता-पिता द्वारा प्रदत्त संस्कार जीवनभर संतान के साथ रहते हैं । वे पालक हैं, पोषक हैं, साथ ही रक्षक भी हैं । घर-परिवार की जिम्मेदारियों को कुशलता से निभाने का दायित्व उनके कंधों पर ही है ।

जीवन में अनुशासन रखना कठिन कार्य है, इसमें व्यक्ति को आराम नहीं मिलता । किसी को भी अनुशासित रहना अर्थात् बँधे हुए जीना पसन्द नहीं आता । लेकिन सच्चाई यही है कि बिना अनुशासन के जीवन में संतुलन नहीं रह पाता और हम अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं । इस बात को पतंग के उदाहरण से समझ सकते हैं । एक उड़ती हुई पतंग आसमान पर तब तक राज करती है, जब तक वह डोर से बँधी है । कट जाने पर वह अपना अस्तित्व खो देती है । हमारे जीवन में अनुशासन की यह डोर माता-पिता के हाथों में रहती है । वे ही जीवन को अनुशासित करते हैं । जो बच्चे अनुशासित जीवन जीते हैं, वे आगे जाकर सफल व्यक्ति बन जाते हैं ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

माता भावनात्मक रूप से साथ जुड़ती है, पिता संघर्षों में ढाल बनकर उसको मजबूती प्रदान करता है । पिता-पुत्र, पिता-पुत्री, सभी रिश्तों में गरिमा है, अनुशासन है, सामंजस्य है, प्रेम है तभी जीवन में सुख बरसता है । माता-पिता की भूमिका जीवन में उस समय और महत्त्वपूर्ण हो जाती है, जब आप कठिन परिस्थितियों में उचित निर्णय नहीं ले पाते । उनके मार्गदर्शन में ही जीवन की गहराइयों की समझ व्यक्ति को हो पाती है ।

(I) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए और उत्तर लिखिए । **1**

- **कथन :** रिश्तों की गरिमा, अनुशासन, ताल-मेल और प्रेम परिवार के लिए अपेक्षित है ।
- **कारण :** वही सुखी जीवन का रहस्य है ।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है ।

(C) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है ।

(D) कथन गलत है, किंतु कारण सही है ।

(II) जीवन को परिपक्व बनाता है **1**

(A) जीवन संघर्ष  (B) माता-पिता का मार्गदर्शन

(C) गुरु के दिशा-निर्देश  (D) मित्रों का साथ

(III) गद्यांश में पतंग का उदाहरण किस उद्देश्य से दिया गया है ? **1**

(A) जीवन में स्वतंत्रता का महत्त्व दर्शाने के ।

(B) जीवन में माता-पिता का महत्त्व दर्शाने के ।

(C) पतंग की तरह आकाश-सा ऊँचा लक्ष्य पाने के ।

(D) जीवन में अनुशासन का महत्त्व दर्शाने के ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(IV) अनुशासन का जीवन में क्या महत्त्व है ? कोई दो बिंदु लिखिए । **2**

(V) बच्चों की परवरिश में माता-पिता का सहयोग किस प्रकार मिलता है ? **2**

## खंड – 'ख'

## (व्यावहारिक व्याकरण)

3. पदबंध पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4 × 1 = 4**

(I) वह सुभाष बाबू के जुलूस में शामिल हो गया । (संज्ञा पदबंध छाँटकर लिखिए ।)

(II) लोग टोलियाँ बना-बनाकर घूम रहे थे । (क्रिया-विशेषण पदबंध छाँटकर लिखिए ।)

(III) सब बहुत अच्छा मालूम हो रहा था । (क्रिया पदबंध छाँटकर लिखिए ।)

(IV) "<u>शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले</u> लोगों पर अंग्रेज सरकार लाठियाँ चला रही थी ।"

(रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।)

(V) "<u>मोनुमेंट की तरफ दौड़ता हुआ वह</u> स्वयं ही गिर पड़ा ।"

(रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।)

4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4 × 1 = 4**

(I) कई जगह तो भोर में ही झंडा फहराया गया । (मिश्र वाक्य में बदलिए ।)

(II) जो पुलिस थी वह भी अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी ।

(सरल वाक्य में बदलिए ।)

(III) पुलिस ने उनको पकड़कर लोगों को हटा दिया । (संयुक्त वाक्य में बदलिए ।)



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(IV) वहाँ पर काफ़ी मारपीट हुई और दो–चार आदमियों के सिर फट गए।

(रचना की दृष्टि से वाक्य–भेद लिखिए।)

(V) दो–तीन बजे कई आदमियों को पकड़ लिया गया।

(रचना की दृष्टि से वाक्य–भेद लिखिए।)

5. 'समास' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $4 \times 1 = 4$

(I) 'विद्यालय' सामासिक पद का विग्रह करके भेद भी लिखिए।

(II) 'रात–दिन' किस समास का उदाहरण है और क्यों ?

(III) बहुव्रीहि समास का एक उदाहरण दीजिए।

(IV) 'लाल है जो बाजार' का समस्त पद बनाकर भेद का नाम लिखिए।

(V) पाँच वटों के समूह के नीचे माता सीता को रखा गया था।

(रेखांकित पदों की जगह उपयुक्त समस्त पद लिखकर समास का नाम भी लिखिए।)

6. मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $4 \times 1 = 4$

(I) "हथियार डाल देना" मुहावरे का अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(II) सर्कस में कलाकारों के करतब देखकर दर्शकों ने __________ दबा ली।

(रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए।)

(III) 'सावधानी से काम करना' अर्थ को व्यक्त करने वाला मुहावरा लिखिए।

(IV) हिरण्यकश्यप की लाख कोशिश के बाद भी प्रहलाद का __________ नहीं हुआ।

(रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए।)



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(V) 'मैं जो कुछ कहता हूँ, उसे गिरह बाँधिए, नहीं पछताइयेगा ।'

प्रस्तुत कथन में से मुहावरा छाँटकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

## खंड – 'ग'

## (पाठ्यपुस्तक)

7. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

अब तो बहरहाल
छोटे लड़कों की घुड़सवारी से अगर यह फ़ारिग हो
तो उसके ऊपर बैठकर
चिड़ियाँ ही अकसर करती हैं गपशप
कभी-कभी शैतानी में वे इसके भीतर भी घुस जाती हैं
खास कर गौरैयें
वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद ।

(I) 'छोटे बच्चे उसकी घुड़सवारी कर रहे हैं'

इस कथन से क्या अभिप्राय है ?

(A) तोप पर छोटे-छोटे बच्चों को घुड़सवारी का आनंद मिल रहा है ।

(B) आज़ाद भारत के छोटे बच्चों ने ही तोप की शक्ति को नियंत्रित कर लिया है ।

(C) छोटे बच्चों के लिए अब तोप खिलौना मात्र है ।

(D) अब तोप कंपनी बाग की शोभा है ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(II) 'अब यह तोप चिड़ियों के बैठने-बतियाने का स्थान हो गया है' – इसका अभिप्राय है

(A) इस तोप की अहमियत क्षीण हो गई है ।

(B) चिड़ियों को उठने-बैठने की अच्छी जगह मिल गई है ।

(C) चिड़ियाँ भी तोप से भयभीत नहीं होती हैं ।

(D) लड़के तोप से हटते हैं तो चिड़ियाँ आराम करती हैं ।

(III) विनाशकारी विरासती तोप की सँभाल के पीछे क्या कारण हो सकता है ?

(A) स्वतंत्रता आंदोलन का हिस्सा होना ।

(B) कंपनी बाग के मुहाने की शान होना ।

(C) ईस्ट इंडिया कंपनी की विशेष तोप होना ।

(D) देश की स्वतंत्रता के लिए घातक शत्रुओं से सावधान करना ।

(IV) कंपनी बाग के मुहाने पर रखी तोप क्या सीख देती है ?

(i) तोप का अंत निश्चित है ।

(ii) बच्चे और पक्षी किसी से नहीं डरते ।

(iii) आततायी के आतंक का अंत निश्चित है ।

(iv) शक्ति के अहंकार में दूसरों पर अत्याचार नहीं करने चाहिए ।

**विकल्प :**

(A) (ii) और (iv) दोनों

(B) (i) और (ii) दोनों

(C) (i) और (iii) दोनों

(D) (iii) और (iv) दोनों



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(V) दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप

एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद ।

उपर्युक्त पंक्तियों का भाव है –

(A) सामने वाले को कमज़ोर समझना बड़ी भूल है ।

(B) बड़ी तोप के काम करने की भी सीमा होती है ।

(C) बड़ा समझे जाने से कोई बड़ा नहीं होता ।

(D) मज़बूत शक्ति को भी एकता–शक्ति के आगे झुकना ही पड़ता है ।

8. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **$3 \times 2 = 6$**

(I) 'स्याम म्हाने चाकर राखो जी' – मीराबाई ने श्रीकृष्ण की चाकरी करने की युक्ति का सहारा क्यों लिया ?

(II) पशु प्रवृत्ति मनुष्य द्वारा अपनाने योग्य है अथवा नहीं ? 'मनुष्यता' कविता के आधार पर कारण सहित उत्तर दीजिए ।

(III) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में – 'पल–पल परिवर्तित प्रकृति वेश' से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(IV) 'आत्मत्राण' कविता की प्रार्थना में क्या विशेषता है ?



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

9. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

कई सालों से बड़े-बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेल कर उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे । बेचारा समंदर लगातार सिमटता जा रहा था । पहले उसने अपनी फैली हुई टाँगें समेटीं, थोड़ा सिमटकर बैठ गया । फिर जगह कम पड़ी तो उकड़ूँ बैठ गया । फिर खड़ा हो गया... जब खड़े रहने की जगह कम पड़ी तो उसे गुस्सा आ गया । जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है । परंतु आता है तो रोकना मुश्किल हो जाता है, और यही हुआ, उसने एक रात अपनी लहरों पर दौड़ते हुए तीन जहाज़ों को उठाकर बच्चों की गेंद की तरह तीन दिशाओं में फेंक दिया । एक वर्ली के समंदर के किनारे पर आकर गिरा, दूसरा बांद्रा में कार्टर रोड के सामने औंधे मुँह और तीसरा गेट-वे-ऑफ़ इंडिया पर टूट-फूटकर सैलानियों का नज़ारा बना । बावजूद कोशिश, वे फिर से चलने-फिरने के काबिल नहीं हो सके ।

(I) मनुष्य ने समुद्र के साथ क्या किया ?

(A) समुद्री ज़मीन पर कब्जा कर लिया ।

(B) समुद्री जीव-जंतुओं का विनाश किया ।

(C) समुद्र के सहारे व्यापार किया जाने लगा ।

(D) समुद्री जल को पीने लायक बनाया ।

(II) समुद्र की सहनशीलता ने कब जवाब दे दिया ?

(A) जबरन समेटने पर

(B) मानव के दुरुपयोग पर

(C) अपना अस्तित्व ही खतरे में आने पर

(D) मानव द्वारा उसका पानी सुखाने पर



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(III) कॉलम–1 और कॉलम–2 को सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए :

| | कॉलम – 1 | | कॉलम – 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | समुद्र के रौद्र रूप ने | (i) | गुस्सा कम आता है |
| (2) | बड़े आदमी को | (ii) | स्वयं अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारी |
| (3) | बिल्डर की हठ ने | (iii) | जहाज़ों को गेंद की तरह उछाल दिया |

**विकल्प :**

(A) (1-iii), (2-ii), (3-i)

(B) (1-ii), (2-iii), (3-i)

(C) (1-ii), (2-i), (3-iii)

(D) (1-iii), (2-i), (3-ii)

(IV) बड़े–बड़े बिल्डर समुद्र की ज़मीन क्यों हथिया रहे हैं ?

(A) अपनी बढ़ती स्वार्थपरता के कारण

(B) बढ़ती आबादी के लिए घर बनाने हेतु

(C) समुद्र किनारे की ज़मीन सस्ती होने के कारण

(D) सैलानियों के आकर्षण का केन्द्र होने के कारण

(V) कोशिश के बावजूद भी जहाज चलने–फिरने लायक क्यों नहीं हो सके ?

(A) पुराने होने के कारण कल–पुर्जे नहीं मिल रहे थे ।

(B) उन्हें समुद्र में उतारना खतरनाक था ।

(C) उनकी मरम्मत नहीं हो पा रही थी ।

(D) उनकी स्थिति बहुत खराब हो गई थी ।

10. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(I) अंग्रेजी भाषा पढ़ने के विषय में बड़े भाई साहब के क्या विचार थे ? इस विषय में आपका क्या दृष्टिकोण है ?

(II) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ में ओपन लड़ाई किसे कहा गया है ? यह अपूर्व क्यों थी ?



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(III) तताँरा की लोकप्रियता के कारण लिखिए ।

(IV) शैलेंद्र की फिल्म की कहानी सुनकर राजकपूर ने क्या प्रतिक्रिया प्रकट की ?

11. 'संचयन' पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(I) आपको अपने किन–किन विषयों के अध्यापक पसंद हैं और क्यों ? 'सपनों के से दिन' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

(II) 'टोपी शुक्ला' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि क्या किसी मित्रता की कसौटी मजहब, पद–प्रतिष्ठा आदि हो सकती है । मित्रता की कौन–कौन सी कसौटियाँ हो सकती हैं ?

(III) वर्तमान समाज में रिश्तों की क्या अहमियत रह गई है और क्यों ? 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर लिखिए ।

## खंड – 'घ'

## (रचनात्मक लेखन)

12. (I) "छत से मैंने और मेरे मित्रों ने उड़ते हवाई–जहाज में आग देखी । तुरंत ही एयरपोर्ट पर सूचना देकर .... ।" इन शब्दों से प्रारंभ की गई लघु–कथा को लगभग **100** शब्दों में पूरा कीजिए । **5**

**अथवा**

(II) आप नवनीत/नवनीता हैं । 'दिल्ली से मुंबई' रेलयात्रा के दौरान रेल व्यवस्था में हुए सुधारों को देखकर आपको बहुत संतुष्टि हुई । इन सुधारों के लिए धन्यवाद ज्ञापन करते हुए रेल प्रबंधक को लगभग **80** शब्दों में एक ई–मेल लिखिए ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

13. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **40** शब्दों में विज्ञापन लिखिए : **3**

(I) दीपावली के अवसर पर सजावटी सामान पर 25% की विशेष छूट देने वाले दुकानदार की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(II) स्थानीय पुलिस द्वारा लड़कियों की आत्मरक्षा हेतु निःशुल्क कराटे शिविर का आयोजन किया जा रहा है, उसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **60** शब्दों में सूचना लिखिए : **4**

(I) आप राजकीय विद्यालय, कानपुर की सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष अमृत/अमृता हैं । आपके विद्यालय में अंतर्विद्यालय कविता-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । विद्यार्थियों को इसकी जानकारी देने के लिए सूचना तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(II) आप मोहल्ला सुधार समिति के अध्यक्ष अमृत/अमृता हैं । समिति के सदस्यों ने सर्व सम्मति से आगामी सप्ताह मोहल्ला स्वच्छता अभियान आयोजित करने का निर्णय लिया है । मोहल्लावासियों को इसकी जानकारी देने और श्रमदान हेतु निवेदन करते हुए एक सूचना तैयार कीजिए ।

15. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए : **5**

(I) आप राजकीय वरिष्ठ विद्यालय के विनीत/विनीता हैं । अपने विद्यालय में अंतर्विद्यालयी लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन करवाने के लिए प्रधानाचार्या/प्रधानाचार्य को निवेदन पत्र लिखिए ।

**अथवा**

(II) आप विनीत/विनीता हैं । त्योहारों के अवसर पर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने का आग्रह करते हुए खाद्य विभाग के सचिव को पत्र लिखिए ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

16. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **5**

(I) पृथ्वी होगी

तभी यहाँ जीवन होगा....

संकेत बिंदु – • प्रदूषण रहित पृथ्वी • धरा बचाओ • जीवन चमकाओ

(II) परीक्षा देने के बाद...

संकेत बिंदु – • अनुकूल प्रश्न-पत्र की खुशी • मित्रों में बातचीत • परीक्षा समाप्ति का आनंद

(III) लोकतंत्र में मतदान

संकेत बिंदु – • लोकतंत्र का आधार • मतदान कितना ज़रूरी • समझदार मतदाता



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

Get More Learning Materials Here :
CLICK HERE
www.studentbro.in

**<u>अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु</u>**

## सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2024-25

## अंक-योजना

## हिंदी 'ब' विषय कोड—085

## प्रश्न-पत्र कोड-- 4/5/1, 4/5/2, 4/5/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा-प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हों कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें और उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करें कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ पर की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आँकड़ों और शब्दों में लिखें।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**Series: HE5GF प्रश्न-पत्र कोड 4/5/1, 4/5/2, 4/5/3**

# अंक योजना

## हिंदी 'ब'(085)

| प्रश्न सं. | 4/5/1 | 4/5/2 | 4/5/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड - क**<br>**(अपठित बोध)** | |
| **1** | **1** | **2** | 2 | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न : | (7) |
| | (I) | (I) | (I) | (C) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है। | 1 |
| | (II) | (II) | (II) | (B) माता-पिता का मार्गदर्शन | 1 |
| | (III) | (III) | (III) | (D) जीवन में अनुशासन का महत्त्व दर्शाने के। | 1 |
| | (IV) | (IV) | (IV) | • जीवन में संतुलन<br>• लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित<br>• सफल व्यक्तित्व का निर्माण<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1 |
| | (V) | (V) | (V) | • माता-पिता द्वारा प्रदत्त संस्कार<br>• पालन-पोषण और भावनात्मक समृद्धि प्रदान करना<br>• जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझना सिखाना तथा सुरक्षित रखना | 2 |
| **2** | **2** | **1** | 1 | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न : | (7) |
| | (I) | (I) | (I) | (A) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है। | 1 |
| | (II) | (II) | (II) | (B) धरती के भीतर प्लेटों का प्रतिकूल दिशा में खिसकना। | 1 |
| | (III) | (III) | (III) | (D) (i) और (iii) सही हैं। | 1 |
| | (IV) | (IV) | (IV) | • टेक्टोनिक प्लेट्स के घिसने और खिसकने से उत्पन्न कंपन द्वारा भू-संरचना में बदलाव<br>• भूकंप का केंद्र नदी के नजदीक होने से नदी का मार्ग बदलना | 1+1 |
| | (V) | (V) | (V) | • भूकंप<br>• बुनियादी ढाँचों का विनाश, जान-माल की हानि, नई झीलों का निर्माण, नदी का मार्ग परिवर्तन आदि | 1+1 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड – ख**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| **3** | **3** | **3** | **3** | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (I) | - | - | मेरे बड़े भाई साहब | 1 |
| | (II) | - | - | पूछा जाता था | 1 |
| | (III) | - | - | पहले से अधिक | 1 |
| | (IV) | - | - | संज्ञा पदबंध | 1 |
| | (V) | - | - | सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहने वाला | 1 |
| | - | (I) | - | बंगाल के संपन्न और सुसंस्कृत परिवार | 1 |
| | - | (II) | - | संसार के छोटे-बड़े सभी | 1 |
| | - | (III) | - | क्रिया पदबंध | 1 |
| | - | (IV) | - | सर्वनाम पदबंध | 1 |
| | - | (V) | - | पूरब से पश्चिम तक | 1 |
| | - | - | (I) | सुभाष बाबू के जुलूस | 1 |
| | - | - | (II) | टोलियाँ बना-बनाकर | 1 |
| | - | - | (III) | मालूम हो रहा था | 1 |
| | - | - | (IV) | विशेषण पदबंध | 1 |
| | - | - | (V) | सर्वनाम पदबंध | 1 |
| **4** | **4** | **4** | **4** | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (I) | - | - | संयुक्त वाक्य | 1 |
| | (II) | - | - | सरल वाक्य | 1 |
| | (III) | - | - | इस भवन की बुनियाद इतनी मजबूत बनाओ कि उस पर आलीशान महल बन सके। | 1 |
| | (IV) | - | - | मैं छोटा था लेकिन/और वे बड़े थे। | 1 |
| | (V) | - | - | मेरी शालीनता उनके हुक्म को कानून समझने में ही थी। | 1 |
| | - | (I) | - | चूँकि काव्य रचना में उनकी रुचि थी इसलिए उन्होंने संस्कृत काव्य-ग्रंथों का अध्ययन किया। | 1 |
| | - | (II) | - | मैं मज़े से खेलकर भी दरजे में अव्वल आया। | 1 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (III) | - | बिहारी ने केवल एक ही ग्रंथ की रचना की है और उसका नाम 'बिहारी सतसई' है। | 1 |
| | - | (IV) | - | सरल वाक्य | 1 |
| | - | (V) | - | मिश्र वाक्य | 1 |
| | - | - | (I) | कई जगह तो ऐसी थीं, जहाँ भोर में ही झंडा फहराया गया। | 1 |
| | - | - | (II) | अपनी पूरी ताकत से पुलिस गश्त देते हुए प्रदर्शन कर रही थी। | 1 |
| | - | - | (III) | पुलिस ने उनको पकड़ा और लोगों को हटा दिया। | 1 |
| | - | - | (IV) | संयुक्त वाक्य | 1 |
| | - | - | (V) | सरल वाक्य | 1 |
| **5** | **5** | **5** | **5** | **'समास'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (I) | - | - | देश से निकाला – तत्पुरुष समास | ½+½ |
| | (II) | - | - | द्वंद्व समास, दोनों पद प्रधान | ½+½ |
| | (III) | - | - | प्रतिदिन, यथासंभव (अन्य उपयुक्त उदाहरण भी स्वीकार्य) | 1 |
| | (IV) | - | - | पंचतंत्र – द्विगु समास | ½+½ |
| | (V) | - | - | गजानन – बहुव्रीहि समास | ½+½ |
| | - | (I) | - | आत्म का गौरव – तत्पुरुष समास | ½+½ |
| | - | (II) | - | द्वंद्व समास, दोनों पद प्रधान | ½+½ |
| | - | (III) | - | हाथों हाथ, आमरण (अन्य उपयुक्त उदाहरण भी स्वीकार्य) | 1 |
| | - | (IV) | - | तिरंगा – बहुव्रीहि समास | ½+½ |
| | - | (V) | - | युधिष्ठिर – तत्पुरुष समास | ½+½ |
| | - | - | (I) | विद्या का आलय – तत्पपुरुष समास | ½+½ |
| | - | - | (II) | द्वंद्व समास, दोनों पद प्रधान | ½+½ |
| | - | - | (III) | चतुर्भुज, गिरिधर, नीलकंठ (अन्य उपयुक्त उदाहरण भी स्वीकार्य) | 1 |
| | - | - | (IV) | लालबाजार – कर्मधारय समास | ½+½ |
| | - | - | (V) | पंचवटी – द्विगु समास | ½+½ |
| **6** | **6** | **6** | **6** | **'मुहावरे'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (I) | - | - | पाँव/पैर ज़मीन पर | **1** |
| | (II) | - | - | प्राण सूखना | 1 |
| | (III) | - | - | उचित वाक्य प्रयोग | 1 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (IV) | - | - | दूध की मक्खी/ धेले भर का महत्त्व न होना | 1 |
| | (V) | - | - | गिरह बाँधना मुहावरा, उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | - | (I) | - | पाँव/पैर ज़मीन पर | **1** |
| | - | (II) | - | उचित वाक्य प्रयोग | **1** |
| | - | (III) | - | घाव/जले पर नमक | 1 |
| | - | (IV) | - | अंधे के हाथ बटेर लगना | 1 |
| | - | (V) | - | दीन-दुनिया से जाना मुहावरा, उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | - | - | (I) | उचित वाक्य प्रयोग | **1** |
| | - | - | (II) | दाँतों तले उँगली दबाना | 1 |
| | - | - | (III) | फूँक -फूँक कर कदम रखना | **1** |
| | - | - | (IV) | बाल भी बाँका न होना | 1 |
| | - | - | (V) | गिरह बाँधना मुहावरा, उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | | | | **खंड – ग**<br>**(पाठ्य-पुस्तक)** | |
| **7** | 7 | 8 | 9 | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | 1**x** 5<br>= **5** |
| | (I) | (I) | (I) | (A) समुद्री ज़मीन पर कब्ज़ा कर लिया। | |
| | (II) | (II) | (II) | (C) अपना अस्तित्व ही खतरे में आने पर | |
| | (III) | (III) | (III) | (D) (1-iii), (2-i), (3-ii) | |
| | (IV) | (IV) | (IV) | (A) अपनी बढ़ती स्वार्थपरता के कारण | |
| | (V) | (V) | (V) | (D) उनकी स्थिति बहुत खराब हो गई थी। | |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **8** | **8** | 7 | 10 | **'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 25-30 शब्दों में) – | **(2 x 3 = 6)** |
| | (I) | (I) | (I) | भाई साहब के विचार -<br>● अंग्रेजी पढ़ना कोई हँसी-खेल नहीं है, इसे सभी नहीं पढ़ सकते<br>● शुद्ध अंग्रेजी तो बड़े-बड़े विद्वान नहीं लिख-बोल पाते, दिन-रात एक करना होगा<br>दृष्टिकोण-<br>● विद्यार्थियों की समझ तथा उपयुक्त तर्क पर आधारित मुक्त उत्तर | 1+1 |
| | (II) | (II) | (II) | ओपन लड़ाई -<br>● नोटिस निकलने के बावजूद 26 जनवरी 1931 की सबसे बड़ी सभा का होना<br>अपूर्व क्यों-<br>● व्यापक जन-भागीदारी, इससे पहले इस तरह की खुली चुनौती न देना | 1+1 |
| | (III) | (III) | (III) | ● सुंदर, शक्तिशाली, आकर्षक व्यक्तित्व<br>● नेक, मददगार, आत्मीय स्वभाव तथा गाँव एवं समूचे द्वीपवासियों की सेवा को धर्म समझना | 2 |
| | (IV) | (IV) | (IV) | ● उत्साह के साथ इस फिल्म में काम करना स्वीकार करना<br>● दिल्लगी में अपना पारिश्रमिक एडवांस माँगना - एक रूपया, संपूर्ण एडवांस !<br>● फिल्म व्यवसाय के खतरों से आगाह करना | 2 |
| **9** | **9** | 10 | 7 | **'पठित काव्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | 1 **x** 5 **= 5** |
| | (I) | (I) | (I) | (C) छोटे बच्चों के लिए अब तोप खिलौना मात्र है। | |
| | (II) | (II) | (II) | (A) इस तोप की अहमियत क्षीण हो गई है। | |
| | (III) | (III) | (III) | (D) देश की स्वतंत्रता के लिए घातक शत्रुओं से सावधान करना। | |
| | (IV) | (IV) | (IV) | (D) (iii) और (iv) दोनों | |
| | (V) | (V) | (V) | (D) मज़बूत शक्ति को भी एकता-शक्ति के आगे झुकना ही पड़ता है। | |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **10** | **10** | 9 | 8 | **'काव्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 25-30 शब्दों में ) – | (2x3 =6) |
| | (I) | (I) | (I) | • श्रीकृष्ण का सान्निध्य प्राप्त करना<br>• दर्शन, सुमिरन और भक्ति का अवसर पाना | 2 |
| | (II) | (II) | (II) | • नहीं<br>कारण-<br>• पशु प्रवृत्ति केवल पेट भरने तक ही सीमित<br>• मनुष्य बौद्धिक और भावनात्मक रूप से विकसित, विवेक के कारण ही पशुओं से भिन्न | 1+1 |
| | (III) | (III) | (III) | • वर्षा ऋतु में प्रतिपल परिवर्तित प्रकृति का गतिमान सौंदर्य<br>• दृश्यों में लगातार परिवर्तन जैसे- आसमान का साफ़ होना, बादलों का घिरना, मूसलाधार वर्षा में पर्वतों-झरनों-वृक्षों का दिखाई न देना, धुआँ/ कोहरे में ढँका परिवेश | 2 |
| | (IV) | (IV) | (IV) | • कवि द्वारा ईश्वर से किसी प्रकार की सहायता के स्थान पर आस्था, साहस, पौरुष एवं आत्मबल की कामना करना<br>• दुखों से मुक्ति माँगने की अपेक्षा निर्भय, स्वस्थ, अविचलित हो लड़ने की शक्ति की प्रार्थना करना | 2 |
| **11** | **11** | **11** | 11 | पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 – 50** शब्दों में अपेक्षित – | (3x2 =6) |
| | (I) | (III) | (II) | • नहीं<br>मित्रता के लिए महत्त्वपूर्ण कसौटियाँ -<br>• स्नेह-प्रेम, अपनत्व, सहयोग, परस्पर विश्वास, आड़े वक्त में साथ देना, सही मार्ग दिखाना | 1+2 |
| | (II) | (II) | (I) | (विद्यार्थियों की समझ तथा उपयुक्त तर्क पर आधारित मुक्त उत्तर) | 3 |
| | (III) | (I) | (III) | क्या-<br>• वर्तमान में रिश्तों में स्वार्थीपन और दिखावे का बोलबाला<br>क्यों- | 1+2 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ● धन-संपत्ति को रिश्तों से अधिक महत्व देना<br>● प्रेम और भाईचारे के स्थान पर स्वार्थ प्रमुख | |
| | | | | **खंड – घ**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | |
| 12 | 12 | 13 | 16 | किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक | 5 x 1<br>= **5** |
| 13 | 13 | 12 | 15 | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन:<br>● आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 5 x 1<br>= **5** |
| 14 | 14 | 15 | 14 | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन:<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 4 x 1<br>= **4** |
| 15 | 15 | 14 | 13 | किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन :<br>● विषय-वस्तु – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 3 x 1<br>= **3** |
| 16 | 16 | 16 | 12 | लघुकथा लेखन **अथवा** ई-मेल लेखन:<br>लघुकथा लेखन (लगभग 100 शब्दों में) –<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>● प्रभाव – 1 अंक<br>**अथवा**<br>ई-मेल लेखन (लगभग 80 शब्दों में ) -<br>● औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 5 x 1<br>= **5** |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in